क्षे0का0वा0 / 1080–83 / 2021–22

दिनांक 18.08.2021

प्रेषक,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

सेवा में

प्राचार्य
समस्त राजकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय,
क्षेत्रान्तर्गत वाराणसी।

विषयः क्षेत्रान्तर्गत स्थित शासकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में छात्र / छात्राओं की उपस्थिति की सूचना प्रतिदिन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्रांक सं0 1786 / सत्तर–3–2021–08(20) / 2020 उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 04 अगस्त, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो प्रदेश में स्थित उच्च शिक्षा विभाग के अधीन समस्त राज्य विश्वविद्यालय / निजी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / शिक्षण संस्थान को पठन पाठन हेतु भौतिक रुप से संचालित किये जाने के सम्बन्ध में है।

तदक्रम में शासन एवं शिक्षा निदेशक(उ0शि0)उ0प्र0, प्रयागराज से अपेक्षा की जा रही है कि महाविद्यालयों में छात्र / छात्राओं की उपस्थिति की सूचना प्रतिदिन प्रतिशत में उपलब्ध कराई जाय।

अतः आप से अनुरोध है कि अपने महाविद्यालयों में छात्र / छात्राओं की उपस्थिति की सूचना प्रतिदिन प्रतिशत में अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल – rheovns001@gmail.com एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर उपलब्ध करायें, जिससे शासन एवं शिक्षा निदेशक (उ0शि0)उ0प्र0, डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज को ससमय उपलब्ध कराया जा सके।

संलग्नकःउक्तवत्।

भवदीय

ह0 / –
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पृष्ठांकन : 9808 / पू0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2021

तद्दिनांक– 10-9-21

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, शासकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, (सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर) को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त पत्र के क्रम में अपने महाविद्यालय में छात्र / छात्राओं की सूचना प्रतिदिन प्रतिशत में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी के ई–मेल – rheovns001@gmail.com एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर उपलब्ध करायें।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।
5. वेबमास्टर, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।

कुलसचिव